# सेमरी पंचायत में वित्तीय समावेश अभियान कार्यक्रम संपन्न हुआ




मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा सुल्तानपुर द्वारा वित्तीय समावेशन अभियान के अंतर्गत वित्तीय साक्षरता एवं जन सुरक्षा शिविर औबेदुल्लागंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत सेमरीकलां में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर भारतीय रिज़र्व बैंक से श्रीमती अल्का गार्डे (छ्ठरू), मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक के रायसेन जिला समन्वयक श्री जितेन्द्र तिवारी , छ्ठरूश्री प्रताप सिंह, आरबीआई से श्री रामेश्वर जी प्रबंधक लीड बैंक से श्री दर्शन कुमार ढींगरा जी, मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा सुल्तानपुर शाखा प्रबंधक श्री कृष्ण कुमार शर्मा जी सरपंच राजकुमारी मांगल जी उपस्थित रहे।

शिविर में ग्रामीणों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से री केवाईसी,जनधन खाता खुलवाने,डिजिटल फ़्रॉड, स्वच्छता के लाभ, डिजिटल बैंकिंग, बीमा एवं जन सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी गई।